आवंटित अवधि खत्म होने पर दूसरों के नाम कर दीं जमीनें

इटारसी, देशबन्धु। नजूल विभाग के भ्रष्टाचार को लेकर एक लिखित शिकायत डीजी जयदीप प्रसाद से की गई है। मामला इटारसी रेलवे स्टेशन रोड पर पेट्रोल पंपों की नजूल भूमि का है। पेट्रोल पंपों का आवंटन समाप्त होने पर यह भूमि शासन को सरेंडर होना चाहिए था परंतु करोड़ों रुपए की भूमि भ्रष्ट नजूल अधिकारियों ने शासन को सरेंडर करने की अपेक्षा अपने अपनों के नाम नामांतरित कर दी।

इटारसी के रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित नजूल भूमि सीट क्रमांक 14, प्लाट नंबर 76 रकबा 475 वर्गफिट भूमि केरोसिन ऑयल गोदाम हेतु आस्तिक कैरोसिन ऑयल कंपनी बाम्बे को वार्षिक भू-भाटक राशि 9 आना दिनांक 1/4/1941 तक अस्थाई पट्टा स्वीकृत किया गया था। वर्ष 1924/725 में खसरा प्रविष्टि दर्ज की गई जिसमें वर्ष 1957-58 के मेंटनेंस खसरे में नजूल सीट क्रमांक 14, प्लाट नंबर 76 रकबा एक हजार वर्गफिट तेल गोदाम श्री वर्मा सेल कंपनी लिमिटेड इंडिया को वार्षिक भू-भाटक 25 रुपए लीज अवधि 30/6/55 तक अभिलेख में दर्ज पाई गई है।

सन् 1969-70 के मेंटनेंस खसरे में नजूल सीट नंबर 14, प्लाट नंबर 76 रकबा एक हजार वर्गफिट भूमि जो कि वर्मासेल कंपनी का उद्देश्य पूर्ण होने के बाद शासन को सरेंडर की जाना थी परंतु भ्रष्ट नजूल अधिकारियों ने इस भूमि को शासन को सरेंडर करने और नीलाम करने की अपेक्षा किसी मोहनलाल हीरालाल के नाम पट्टा नामांतरण कर दिया गया जो नियम के विपरीत था। इस संबंध में विशेष प्रायोजन के लिए आवंटित भूमि के लिए कलेक्टर को कंपनी की ओर से विधिवत आवेदन लिखा जाना था परंतु वर्मासेल कंपनी की ओर से न तो कोई आवेदन दिया गया और न ही कंपनी की ओर से लीज मोहनलाल के नाम किये जाने के संबंध में लिखा गया। भ्रष्टाचार यही समाप्त नहीं हुआ। वर्ष 1981-82 में मेंटनेंस खसरे के कालम नंबर 5 में दर्ज प्रविष्टि में तेल गोदाम को काटकर भूमि का उपयोग मकान हेतु अंकित किया जाना पाया गया है। यह नियम के विपरीत है। इस भूमि को नजूल अधिकारी सत्येंद्र अग्रवाल द्वारा बिना कलेक्टर की अनुमति एवं प्रायोजन बदले गोविंददास के नाम नामांतरित कर पट्टे का नवीनीकरण किया गया जबकि इस प्रकरण में नजूल अधिकारी एवं एसडीओ चंद्रशेखर वालम्बे ने पुर्नावलोकन के लिए कलेक्टर जेएन कंसोटिया से अनुमति ली और प्रकरण को जांच में लिया। उन्होंने इस प्रकरण में नियम के विपरीत वर्मासेल कंपनी की भूमि को नामांतरण करना पाया। प्रकरण की जांच पूर्ण होने के पूर्व चंद्रशेखर वालम्बे नजूल अधिकारी का स्थानांतरण हो गया। चंद्रशेखर वालम्बे एक

भ्रष्ट नजूल अधिकारियों का कारनामा

ईमानदार कर्त्तव्यनिष्ट अधिकारी थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में गांधी मैदान के सामने लक्कड़गंज की भूमि 1 लाख 10 हजार वर्गफिट भूमि से अतिक्रमण हटाकर यह भूमि शासन को सरेंडर कराई। यहां पर आज नगरपालिका ने अटलपार्क का निर्माण किया है। कलेक्टर निशांत बरबड़े ने इस भूमि को नगरपालिका को एक रुपए की लीज पर इस शर्त पर दिया कि इस भूमि पर मात्र पार्क का निर्माण होगा। किसी प्रकार की व्यवसायिक दुकानें यदि बनाई जाती है तो लीज रद्द मान ली जायेगी। कलेक्टर जेएन कंसोटिया के बाद कलेक्टर अविनाश लवानिया, नीरज कुमार सिंह सहित अनेक कलेक्टरों ने इटारसी की नजूल की भूमियों के नियम विपरीत आवंटन पर चिंता व्यक्त करते हुए समय-समय पर नजूल अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दिये परंतु संबंधित अधिकारियों के जाने के बाद जांचें कचरे की टोकरी में चली गई। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने भी इटारसी के तत्कालीन नजूल अधिकारी मदनसिंह रघुवंशी को सीट नंबर 14, प्लाट नंबर 76, रकबा एक हजार वर्गफिट भूमि के प्रकरण की जांच कर कार्यवाही कर विस्तृत रिपोर्ट मांगी थी परंतु भ्रष्ट नजूल अधिकारी और भ्रष्ट नजूल सर्वेयर तुषार मौर्य ने कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के आदेश को दबा दिया। यहां तक की एसडीएम हिमांशुचंद्र ने नजूल सर्वेयर तुषार मौर्य के साथ रेलवे स्टेशन रोड पर बीच सड़क पर बने विशाल भवन जिसे डवलप पाइंट के नाम से जाना जाता है इसका निरीक्षण किया और प्रकरण में सीमांकन करने के निर्देश दिये। सीमांकन कब हुआ? किसी को नहीं पता और नजूल अधिकारी एवं एसडीओ हिमांशुचंद्र का स्थानांतरण हो गया।

इसी प्रकार का एक प्रकरण एचपी पेट्रोल पंप का प्रकाश में आया था जिसे बिना किसी कंपनी की ओर से रजिस्ट्री के पेट्रोल पंप के डीलर के नाम नामांतरित कर दिया गया था और डीलर ने इस भूमि को रामकिशन अग्रवाल आदि को बेच दिया था। जबकि एचपी कंपनी का पेट्रोलपंप पथरौटा रोड पर प्रारंभ किया गया और यहां बंद कर दिया गया। जब इस प्रकरण की अपील नर्मदापुरम के आयुक्त रामसंजीवन से की गई तो उन्होंने इस आवंटन को रद्द कर दिया। प्रकरण मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय तक पहुंचा और अंततः यह जमीन शासन को प्राप्त हुई। यहां आज रैन बसेरे का निर्माण किया गया। इस प्रकार पेट्रोल पंपों को विशेष प्रायोजन के लिए आवंटित जमीनें पेट्रोल पंपों का प्रायोजन समाप्त होने के बाद इन भूमियों को शासन को सरेंडर किया जाना चाहिए था क्योंकि विशेष प्रायोजन के लिए आवंटित जमीन किसी अन्य को नामांतरित नहीं की जा सकती है।

बौद्ध समाज राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगा आज

सौसर, देशबन्धु । आज मंगलवार 25 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तहसील कार्यालय में सौसर प्रशासन को बुद्धगया के महाबोधि महाविहार को मुक्त करने की मांग को लेकर भारतीय बौद्ध महासभा सौसर,बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर,

बुद्ध धम्म प्रचार समिति काजलवानी, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल, सुजाता महिला मंडल संजय नगर, डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुवक मंडल,मुक्ताबाई साल्वे महिला मंडल, तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखीवाड़ा, आदि संस्थाओं द्वारा महामहिम राष्ट्पति के नाम ज्ञापन सोपा जाएगा।

ज्ञापन के संबंध में जानकारी देते हुए भारतीय बौद्ध महासभा जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत,बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ एल ठवरे, बौध्द नवयुवक़ युवती परिचय सम्मेलन समिति अध्यक्ष मुकेश बागड़े ने बताया कि महाबोधि महाविहार बोधगया को मुक्ति के लिए देश विदेश से भिक्खू भिखुनी, शांतिपूर्ण रूप से 12 फरवरी से महाबोधि परिसर बोधगया में आंदोलन कर जा रहै है। दुनिया का सभी धर्म की पवित्र जगह उनके अनुवायीयों के पास है। महाबोधि महाविहार को भिक्खुओं को न सौप कर एक वर्ग विशेष ने अपने कब्जे में रखा है। हजारों भिक्खु संघ के द्वारा यहां निरंतर 12 दिनों से आमरण आंदोलन किया जा रहा है।

केंद्र सरकार और बिहार सरकार ने रास्ता निकाल कर ऐतिहासिक फ़ैसला कर महाबोधि बोद्धगया महाविहार को बौध्द समाज या भिक्खू संघ को सौपना चाहिए, ज्ञापन में अधिक से अधिक संख्या में बौद्ध समाज के लोगों को उपस्थित होने की अपील की है।

सार-समाचार

युवाओं में बढ़ रही है तकनीकी खेती के नवाचार में रुचि

भुआबिछिया, जबलपुर, देशबन्धु। पूषा अनुसंधान संस्थान नईदिल्ली द्वारा आयोजित पूषा कृषि विज्ञान मेला के आयोजन में रानी दुर्गावती कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के छात्र शिवांग नामदेव और वेदान्त सिंह ने आधुनिक तकनीकी खेती के नवाचार का अध्ययन किया । जहां तीनों दिवस में फसलों की नए किस्मों एवं कृषि सुधार की नए तकनीके, उन्नत किस्म के अनाज दलहन तिलहन मिलेट्स,फल, सब्जी फूलों, नई तकनीक के कृषि यंत्रों का अध्ययन किया।

डोंगरगढ़ में आयोजित कोयातोड़ पुराण

धूमा, सिवनी, देशबन्धु । मातृशक्ति, पित्रशक्ति को बड़े हर्ष उल्लास के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे ग्राम डोंगरगांव में गोंड़ी धर्म संस्कृति रीति रिवाज को सुनने के लिए पूनेमाचार्य तिरु सीताराम बरकडे जी ग्राम काला पाठा जिला छिंदवाड़ा के मुखारविंदों को सुनने के लिए विगत 18 फरवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक रखा गया है । इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोग पहुंच कर कोय तोड पूजन का धर्म लाभ ले रहे हैं तो वहीं सिवनी जिले के जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश डेहरिया भी पहुंचे डोंगरगांव में चल रहे कोयातोड़ पुराण सुनाने के लिए लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंच रहे हैं। वही इसका तत्वाधान में सरपंच डोंगरगांव बसौरी लाल, सरपंच सुदामा ककोडिया, देवी दीन यहके, रघुवीर पंडा, माखन इनवाती, कुंवर मन इनवाती, संत राम परते , लेखन सिंह उईके, प्रदीप इनवाती एवं इन सभी सागा समाजों का पूर्ण सहयोग मिल रहा हैं ।

इंडियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन ने ग्राम देवली में चेयर भेंट की

सौसर, देशबन्धु । 23 फरवरी 2025 को सौसर से दूर दराज ग्राम देवली के आंगनवाड़ी में बच्चों को बैठने के लिए 10 चेयर भेंट दी गई, साथ ही बच्चों को बिस्किट पैकेट, चाकलेट और नमकीन पैकेट का वितरण किया, बच्चे चेयर और खाने पीने की चीजे पा कर बहुत खुश हुए, परिवार जन भी उपस्थित थे बच्चों को चेयर पर बैठे देख उनका भी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रत्ना ऊके (बोंद्रेकर) सहायिका शकुन सोमकुंवर , ग्राम के पंच सूर्यभान मश्राम के साथ आई वी ओ टीम के वरिष्ठ वेटरन राजेश्वर परतेती साहब, आशीष ठाकरे साहब के साथ प्रदीप कलसकर जिला महासचिव आई.वी.ओ. पंच रोशन कुमारे, ज्योत्सना रावत आदि लोग उपस्थित रहे।

श्रृंदाजली सभा संपन्न

जुन्नारदेव, देशबन्धु। अखिल भारतीय बाल्मीकि महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष परम पूज्य डॉ विश्वनार साहब की. प्रथम पुण्यतिथि कैलाश पथरोड़ प्रदेश संगठन सचिव के निवास पर अर्पित की गई जिसमे उपस्थित कैलाश पथरोड़ प्रदेश संगठन सचिव. संजय बाल्मीकि,प्रदेश महासचिव. अशोक. झा.प्रदेशमहामंत्री.मुकेश चौहान प्रदेश सलाहकार ज्वालाप्रसाद बोहत नगर अध्यक्ष जुन्नादेव दिनेश बोहत नगर अध्यक्ष दमुआ.विजय संकात नगर. उपाध्यक्ष जुन्नारेव सुरेश मनीष गोपी एंड महिला सुनंदा निर्मला आशा बाई.गीता बाई. सीमा बाई. आदि बाल्मीकि समाज द्वारा. डॉ साहब के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया गया । जिसमे कैलाश पथरोड़ संजय बाल्मीकि. अशोक. झा ने स्वर्गीय डॉ विश्वनार जी के जीवन व्रत पर प्रकाश डाला गया।

महिला स्वास्थ्य परामर्श शिविर आयोजित

गोटेगांव, देशबन्धु । महिला स्वास्थ्य अभियान एवं महिला स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन नई पहल फाउंडेशन द्वारा तहसील गोटेगांव समीपवर्ती ग्राम पंचायत नेगुवां में आयोजन किया जिसमें गोटेगांखेड़ा सरपंच श्रीमती प्रियंका खेमरिया, मेडीकल ऑफिसर डॉ. इंदु राजपूत,शिक्षक श्रीमती ऊषा राजपूत, पूर्व सरपंच रूपसिंह उईके, महिला स्वसहायता समूह से श्रीमती कल्पना रजक, श्रीमती रेनु कुर्मी,श्रीमती प्रियंका मेहरा,नई पहल फाउंडेशन से सदस्यों में श्री गनेश प्रजापति,श्री भूपेंद्र परिहार,श्री आशुतोष मेहरा,श्री दीपक कुमार रजक,श्री अभिषेक साहू, कु. विद्या प्रजापति एवं ग्राम पंचायत नेगुवां की किशोरियों एवं महिलाओं की उपस्थिति में डॉक्टर इंदु राजपूत ने माहवारी के दौरान रखने वाली सावधानियों एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक किया।

एवं मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन द्वारा प्रदान किए गए नि:शुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया गया।

यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर से सफल खाद्य प्रसंस्करण उद्यमी बने

सिवनी, देशबन्धु । परंपरागत खेती को घाटे का सौदा मानने वाले किसानों के लिए यह कहानी एक नई राह दिखाने वाली है। जिले के एक युवा सॉफ्टवेयर इंजीनियर शिवम तारण, जिन्होंने अपनी पढ़ाई और कॉर्पोरेट करियर को छोड़कर अपने पुश्तैनी खेतों से कुछ नया करने की ठानी। उनका उद्देश्य पारंपरिक खेती से होने वाले घाटे को मुनाफे में बदलना था और इसमें उनकी मदद की उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्कहरण विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना ने।

सिवनी विकासखण्ड के बखारी ग्राम के रहने वाले शिवम तारण का परिवार वर्षों से मक्का की खेती करता आ रहा था, लेकिन बाजार में फसल के सही दाम न मिलने के कारण खेती घाटे में जा रही थी। पारंपरागत तरीकों से उगाई गई फसल को औने-पौने दामों में बेचना पड़ता था।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार सहायक संचालक उद्यान डॉ आशा उपवंशी वासेवार के मार्गदर्शन में शिवम तारण ने फ्रप्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नचयन योजना (पीएमएफएमई) का लाभ लेकर राशि फूड के नाम से पफ कार्न की इकाई स्थापित की। शिवम तारण बताते हैं कि उन्होंने उपरोक्त इकाई स्थापित करने के लिए उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की पीएमएफएमई योजना अंतर्गत 9.40 लाख रुपये का अनुदान एवं यूको बैंक के माध्यम से 22.60 लाख रुपये का ऋण मिला है साथ ही विभाग द्वारा पफ कार्न व्यवसाय संबंधी तकनीकी व्यावसायिक सहायता भी मिली है।

शिवम यह भी बताते है कि आज से छह

शिवम तारण की कहानी

महीने पहले स्थापित हुई %राशी फूड% फैक्ट्री में मुख्य रूप से मक्के से पफ कॉर्न का उत्पादन किया जाता है। खास बात यह है कि यह पफ कॉर्न तेल में तला नहीं जाता, जिससे यह एक हेल्दी स्नैक के रूप में पहचाना जाता है। शिवम ने मक्के से अलग-अलग 8 फ्लेवर में पफ कॉर्न बनाना शुरू किया, जो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ हर एक पैकेट में बच्चों के लिए खिलौने भी रखते हैं। इस अनूठे विचार ने बाजार में उनके उत्पादों की लोकप्रियता को तेजी से बढ़ाया। आज %राशी फूड% फैक्ट्री प्रतिदिन कई टन मक्के को प्रोसेस करती है और इससे तैयार उत्पाद देशभर में भेजे जाते हैं। इस पहल से न सिर्फ उनका खुद का मुनाफा बढ़ा, बल्कि आसपास के किसानों को भी फसल के बेहतर दाम मिलने लगे। इसके अलावा, इस यूनिट की स्थापना से शिवम ने 7 स्थानीय युवाओं को रोजगार भी दिया है, साथ ही वो स्वयं लगभग 1 लाख रुपये प्रति माह का मुनाफा भी कमा रहे हैं। इस यूनिट को लगाने में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्क रण विभाग के अधिकारियों ने हर कदम पर शिवम का साथ दिया।

शिवम की सफलता यह दर्शाती है कि पारंपरिक खेती को अगर सही तकनीक और सही योजना के साथ जोड़ा जाए, तो यह बेहद लाभकारी बन सकती है। सरकार की पीएमएफएमई योजना का सही उपयोग करके कोई भी किसान/युवा/बेराजगार/महिला खाद्य प्रसंस्करण उद्यमी बन सकता है और खेती से आर्थिक क्रांति ला सकता है।

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा पीएमएफएमई योजना का सतत प्रचार-प्रसार कर बेरोजगार युवक युवतियों को स्वयं का व्यवसाय उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित कर मार्गदर्शन किया जा रहा है, जिसके परिणामस्वरूप आज जिले में 1 सैकड़े से ज्यादा युवक युवतियों ने अपना स्वयं का खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित कर एक अच्छी आय प्राप्त कर रहे हैं साथ ही अन्य बेरोजगार युवक युवतियों को भी रोजगार प्रदान कर रहे हैं। पीएमएफएमई योजना के तहत सरकार के द्वारा छोटे-बडे खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने के लिए परियोजना लागत की 35त्न वित्तीय सहायता दी जाती है, साथ ही बैंकों से ऋण भी उपलब्ध कराया जाता है एवं उपरोक्त बैंक ऋण पर कृषि अधोसंरचना फंड के माध्यंम से सात साल के लिए 3त्न ब्याज अनुदान भी उपलब्ध कराया जाता है।

सद्गुरु वेद विद्यापीठ में श्री शिव महापुराण कथा आयोजित

तेंदूखेड़ा, देशबन्धु। सद्गुरु वेद विद्यापीठ परिसर में 15 दिवसीय यज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। विगत 22 फरवरी को कलश यात्रा से प्रारंभ हुए श्री शिव महापुराण की कथा 26 फरवरी तक चलेगी तथा 27 फरवरी महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। सद्गुरु वेद विद्यापीठ संचालक आचार्य पं. चंद्रकांत चौबे के मार्गदर्शन में यह पावन धार्मिक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहते हैं। कथा व्यास पं. केशव उपाध्याय के मुखारविंद से भगवान शिव की पावन कथा का वाचन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक विश्वनाथ सिंह (मुलायम भैया), नगर परिषद अध्यक्ष पं. विष्णु शर्मा, राजीव अग्रवाल, शिवदयाल खैरोनिया, मंडल अध्यक्ष सोनू महाराज, मनीष चौबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

बांकातवा के डिप्टी रेंजर को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

जुन्नारदेव, देशबन्धु । पश्चिम वन परिक्षेत्र जामई रेंज के बांकातवा सर्किल में सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी बीआर डोंगरे क सेवाकाल पूर्ण होने पर विभाग द्वारा विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधीनस्थ कर्मचारियों ने डिप्टी रेंजर डोंगरे के साथ बिताएं अविस्मर्णीय पल को याद कर खट्टे मीठे अनुभव को व्यक्त कर आगे भी सहयोग करने की अपेक्षा रखी। सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी बीआर डोंगरे ने बताया कि फारेस्ट विभाग में 32 वर्ष सेवा जुन्नारदेव और दमुआ रेंज में देने के पश्चात सेवानिवृत्ति पर ये उदगार व्यक्त किए। वन परिक्षेत्र कर्मचारियों ने स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान वन विभाग अधिकारी एच एल कोदार, सहायक वन परिक्षेत्र दिलीप सोनारे,अमीन खिलजी, चन्द्र मोहन मालवी प्रवीण कुमार किनकर,राजू इलहारे,प्रखर सोनी, अंकित बरसिया एवं कार्यालयीन स्टाफ मौजूद रहा।

कौटिल्य ने बढ़ाया गौरव, संस्कृति ज्ञान परीक्षा में आया प्रथम

सौसर, देशबन्धु। कहते है, बच्चो के भविष्य का निर्माण आस पास के सामाजिक परिवेश पर निर्भर करता है। बचपन को ढाला जाता है, इन्हीं सदप्रयासों की कड़ी में शांति कुंज हरिद्वार महत्वपूर्ण भूमिका अदा करा हैं।

सौसर, गायत्री शक्ति पीठ इस पुनीत कार्य का केंद्र बन गया है। पिछले दिनों शांति कुंज हरिद्वार के दिशा निर्देश में तहसील स्तर पर भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया था ,जिसमे लगभग पांच हजार बच्चो ने भाग लिया। परीक्षा में सभी वर्ग के बच्चो ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। परीक्षा में विशिष्ठ स्थान प्राप्त बच्चो को गायत्री शक्ति पीठ सौसर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। भंसाली विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल के कक्षा 5वीं के छात्र कौटिल्य पिता मधुकर गायकवाड़ को तहसील स्तर पर प्रथम आने पर सम्मानित किया गया।

इस शुभ अवसर पर गायत्री शक्ति पीठ सौसर के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी शिवाजी ठाकरे, लोड़ेकर, उमाजी चिपडे, बोबड़े, घोड़की, किशोर किनकर और मधुकर गायकवाड़ प्रमुख रूप से मंचासीन थे। अन्य प्रतिभावान बच्चो को भी सम्मानित किया गया। कौटिल्य की इस सफलता पर संस्था के प्राचार्य पटेल ने बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित

सिवनी, देशबन्धु। जिला पंचायत सिवनी के सभाकक्ष में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक श्रीमति मालती मुकेश डहेरिया, अध्यक्ष, जिला पंचायत सिवनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत के राकेश सनोडिया, अन्य सदस्य एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सिवनी पवार नवजीवन विजय उपस्थित रहे। सर्वप्रथम पूर्व बैठक का कार्यवाही विवरण के पालन प्रतिवेदन से सदन को अवगत कराया गया। तदोपरांत निर्धारित एजेण्डा अनुसार बिन्दुवार चर्चा की गई एवं 5-वें वित्त अंतर्गत राशि के उपयोग की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। सभी जिला पंचायत के मान. सदस्यों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में आ रही समस्याओं से संबंधित विभागों को अवगत कराया गया। सभी विभागों को उचित कार्यवाही एवं निराकरण के निर्देश दिये गये।

दैनिक राशिफल

मंगलवार 25 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की द्वादशी, नक्षत्र-उ.षा.।

मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

कर्क
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

सिंह
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

कन्या
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

तुला
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

वृश्चिक
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

धनु
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

मीन
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.